संजौली की एनएसएस इकाई ने चलाया ऑनलाइन टीकाकरण अभियान

शिमला, 28 मई (ब्यूरो) : सैंटर ऑफ एक्सीलैंस कालेज संजौली एनएसएस इकाई कोविड वैक्सीनेशन को लेकर ऑनलाइन टीकाकरण अभियान चला रही है। जिसमें लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। एनएसएस संजौली इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा व डा. विकास नाथन ने बताया कि आए दिन कोविड टीकाकरण को लेकर अफावाहें सुनने को मिल रही है। इन अफवाहों को रोकने के लिए एनएसएस संजौली इकाई उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो कोविड का टीका लगा चुके हैं। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जो लोग वक्सीनेशन लगा चुके हैं वे अपने वीडियो के माध्यम से अपने अनुभव साझा करते है, जिससे दूसरे लोग भी वैक्सीनेशन लगाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर अपने अनुभव साझा करने के लिए अपना वीडियो बनाकर एनएसएस संजौली कॉलेज इकाई के मोबाईल नंबर 9816873760 और 9418887826 पर संपर्क कर सकते हैं।

एनएसएस स्वयंसेवी ऑनलाइन दे रहे नशे से दूर रहने का संदेश

शिमला। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज की एनएसएस इकाई के कार्यकर्ताओं ने तंबाकू का सेवन न करने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए युवाओं को जागरूक करने के लिए ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया है। स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर, प्रियंका शर्मा, कनिका, अवंतिका, वंदना, प्रेरणा नेगी, फु लमा ने पोस्टर बनाकर और तंबाकू से मानव शरीर को होने वाले नुकसान से वीडियो क्लिप बनाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीवी मेहता ने एनएसएस स्वयंसेवियों के अभियानों को लेकर सराहा।

दैनिक भास्कर

हिमाचल 01-06-2021

एनएसएस स्वयंसेवकों ने लोगों को तंबाकू से दूर रहने की अपील की, जागरूक किया

शिमला| तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष पर उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र संजौली की एनएसएस इकाई द्वारा तंबाकू से होने वाली हानियों तथा लोगों को तंबाकू से दूर रहने की अपील की। एनएसएस स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर, प्रियंका शर्मा, कनिका अवंतिका वंदना प्रेरणा नेगी फुलमा ने पोस्टर, चित्रकला, वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ.सीबी मेहता ने तंबाकू निषेध दिवस के अवसर लोगों से तंबाकू का सेवन ना करने की अपील की और सभी एनएसएस स्वयंसेवी के कार्यों की सराहना की। एनएसएस इकाई के प्रभारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा विकास नाथन ने स्वयंसेवी की सराहना की व लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियां के बारे में बताते हुए लोगों को तंबाकू का सेवन ना करने की अपील की।

एनएसएस इकाई ने तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक

शिमला, 31 मई (ब्यूरो) : तंबाकू निषेध दिवस पर सैंटर ऑफ एक्सीलैंस कॉलेज संजौली की एनएसएस इकाई ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान एनएसएस इकाई ने तंबाकू से होने वाली हानियों के बारे में अवगत करवाया और लोगों को तंबाकू से दूर रहने की अपील की। एनएसएस स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर, प्रियंका शर्मा, कनिका, अवंतिका, वंदना, प्रेरणा नेगी, फुलमा ने पोस्टर चित्रकला वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कालेज प्रधानाचार्य डा. सीवी मेहता ने तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों से तंबाकू का सेवन ना करने की अपील की। एनएसएस इकाई प्रभारी डा. मीनाक्षी शर्मा, विकास नाथन ने स्वयंसेवी की सराहना की व लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियां के बारे में बताते हुए लोगों को तंबाकू का सेवन ना करने की अपील की।